मध्यप्रदेश विधान सभा

नवम्बर–दिसम्बर, 1994 सत्र

दैनिक कार्य सूची

गुरूवार, दिनांक 8 दिसम्बर, 1994 (अग्रहायण 17, 1916)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानाकर्षण

(1) डा. मोहर सिंह, श्री बच्चन नायक, सदस्य, विदिशा जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों की लापरवाही से एक महिला की मृत्यु की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्रीमती सुधा जैन, सदस्य, सागर जिले के बांदरी थानान्तर्गत सर्राफा व्यापारियों से लाखों की लूट की घटित घटना की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री जसवंत सिंह, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का नवम् प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा प्रस्ताव करेंगे कि :-

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के नवम् प्रतिवेदन से सहमत है."

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) श्री झल्लूलाल तेकाम, सदस्य, मण्डला जिले की फेन नदी पर पुलिया का निर्माण कराये जाने,

(2) श्री प्रेमसिंह सिदार, सदस्य, रायगढ़ जिले के ग्राम कुंजेमुरा में हाईस्कूल भवन एवं छात्रावास बनवाये जाने,

(3) श्री रामदयाल अहिरवार, सदस्य, छतरपुर जिले के -

(क) ग्राम गढ़ीमलहरा की पेयजल समस्या हल कराये जाने, एवं
(ख) उर्मिल नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगे.

5. शासकीय विधि विषयक कार्य

डॉ. प्रेमसाय सिंह, राज्यमंत्री विधि एवं संसदीय कार्य, मध्यप्रदेश अधिवक्ता कल्याण निधि (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 1994 (क्रमांक 39 सन् 1994) के पुरःस्थापन की अनुमति का प्रस्ताव करेंगे तथा अनुमति प्राप्त होने पर विधेयक पुरःस्थापित करेंगे.

6. प्रतिवेदनों पर चर्चा

निर्धारित समय

2 घन्टे (1) मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के 35 वें तथा 36 वें वार्षिक प्रतिवेदन (क्रमशः दिनांक 1.4.91 से 31.3.92 तथा 1.4.92 से 31.3.93 तक) पर चर्चा.

2 घन्टे (2) डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के वार्षिक प्रतिवेदन दिनांक 1 जुलाई 1990 से 30 जून 1991, 1 जुलाई 1991 से 30 जून 1992, अंकेक्षण प्रतिवेदन वर्ष 1991-92 तथा वार्षिक लेखा - वर्ष 1992-93 पर चर्चा.

शीला खन्ना
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा

भोपाल :
दिनांक : 7 दिसम्बर, 1994